# अनुदान संख्या 11 - खान विभाग
# GRANT No. 11–DEPARTMENT OF MINES

| | | कुल अनुदान या विनियोग Total grant or appropriation | वास्तविक व्यय Actual expenditure | बचत- Saving– |
|---|---|---|---|---|
| | | | | (हजार रुपयों में) (In thousands of rupees) |
| **राजस्व:** | **Revenue:** | | | |
| *प्रभारित-* | *Charged–* | *10,00* | *54* | *–9,46* |
| *वर्ष के दौरान अभ्यर्पित राशि* | *Amount surrendered during the year* | | | *2,45* |
| स्वीकृत- | Voted– | 476,63,00 | 388,57,62 | –88,05,38 |
| वर्ष के दौरान अभ्यर्पित राशि | Amount surrendered during the year | | | 79,08,97 |
| **पूंजीगत:** | **Capital:** | | | |
| स्वीकृत- | Voted– | 72,27,00 | 42,06,95 | –30,20,05 |
| वर्ष के दौरान अभ्यर्पित राशि | Amount surrendered during the year | | | 30,20,00 |

***टीका और टिप्पणियां***

1. अनुदान के राजस्व भाग के स्वीकृत अंश में, बचतें/अधिक व्यय निम्नलिखित मुख्य शीर्षों के अंतर्गत हुईं/हुआ:-

***Notes and comments***

1. In the voted portion of the revenue section of the grant, savings/excess occurred under the following major heads:-

(लाख रुपयों में)
(In lakhs of rupees)

| शीर्ष | Head | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| मुख्य शीर्ष "2552" उत्तर पूर्वी क्षेत्र | Major Head "2552" North Eastern Areas | | | | |
| मू. | O. | 1780.00 | . . | . . | . . |
| पु. | R. | –1780.00 | | | |
| मुख्य शीर्ष "2853" अलौह खनन तथा धातुकर्म उद्योग | Major Head "2853" Non-Ferrous Mining and Metallurgical Industries | | | | |
| मू. | O. | 45066.00 | 38991.64 | 38126.51 | –865.13 |
| पु. | R. | –6074.36 | | | |

(I) 1780.00 लाख रु. का प्रावधान मुख्य शीर्ष "2552''- "अन्य व्यय - पूर्वोत्तर क्षेत्र और सिक्किम के लाभ से संबंधित परियोजनाओं/स्कीमों के लिए प्रावधान'' के अंतर्गत एक मामले में पूर्वोत्तर क्षेत्र और सिक्किम के लाभ से संबंधित स्कीमों पर उपयोग के लिए निधियों का पुनर्विनियोग कार्यात्मक शीर्षों को किए जाने के कारण पूर्णतया अप्रयुक्त रहा।

(II) मुख्य शीर्ष "2853'' के अंतर्गत बचतें निम्नलिखित शीर्षों के अंतर्गत हुईं:-

(का) "भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण''-

(क) "निदेशन और प्रशासन - प्रशासनिक सहायता''- 1078.97 लाख रु. की बचत (21820.00 लाख रु. के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) रिक्त पदों का सीधी भर्ती/विभागीय पदोन्नति समिति कोटा न भरे जाने के कारण हुई।

(ख) "अनुसंधान और विकास - प्रयोगशाला अनुसंधान''- 138.50 लाख रु. की बचत (452.00 लाख रु. के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) उपस्करों की आपूर्ति न किए जाने और सादगी के उपाय किए जाने के कारण हुई।

(ग) "अन्वेषण - भूवैज्ञानिक तकनीकी, भूचाल पर्यावरण''- 189.32 लाख रु. की बचत (225.00 लाख रु. के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) अन्वेषण के कार्यभार में कमी आने के कारण हुई।

(घ) "सर्वेक्षण और मानचित्रण - जमीनी, हवाई और समुद्री सर्वेक्षण''- 639.70 लाख रु. की बचत (2945.00 लाख रु. के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) सर्वेक्षण कार्य कम संख्या में किए जाने की वजह से कम जनशक्ति तैनात किए जाने के कारण हुई।

(ङ) "खनिजों की खोज - आर्थिक खनिज''- 350.50 लाख रु. की बचत (1350.00 लाख रु. के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) वन और स्थानीय प्रशासन से स्वीकृति प्राप्त करने में विलंब होने के कारण हुई।

(I) Provision of Rs.1780.00 lakhs remained wholly unutilised in one case under Major Head "2552" – "Other Expenditure - Provision for Projects/Schemes for the benefit of North Eastern Region and Sikkim" - due to re-appropriation of funds to functional heads for utilisation on schemes for the benefit of North Eastern Region and Sikkim.

(II) Under Major Head "2853" - savings occurred under the following heads:-

(A) "Geological Survey of India" -

(a) "Direction and Administration-Administrative Support"-saving of Rs.1078.97 lakhs (against the sanctioned provision of Rs.21820.00 lakhs) was due to non-filing up of Direct Recruitment/ Departmental Promotion Committee quota of vacant posts.

(b) "Research and Development - Laboratory Research" - saving of Rs.138.50 lakhs (against the sanctioned provision of Rs.452.00 lakhs) was due to non- supply of equipments and austerity measures.

(c) "Investigation – Geo-tech, Seismic Environment" - saving of Rs.189.32 lakhs (against the sanctioned provision of Rs.225.00 lakhs) was due to reduction in workload of Investigation.

(d) "Survey and Mapping-Ground, Aerial and Marine Survey"-saving of Rs.639.70 lakhs (against the sanctioned provision of Rs.2945.00 lakhs) was due to less deployment of manpower owing to less number of survey work.

(e) "Mineral Exploration - Economic Minerals" - saving of Rs.350.50 lakhs (against the sanctioned provision of Rs.1350.00 lakhs)was due to delay in getting clearance from Forest and Local Administration.

(च) ''अन्य व्यय - विभिन्न प्रचालनें पर विविध मुख्य व्यय''- 1664.15 लाख रु. की बचत (5092.00 लाख रु. के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) विदेशी आपूर्तिकर्ताओं से उच्च लागत की मदों की अधिप्राप्ति प्रक्रिया के मूर्तरूप न लेने और वाहनें के प्रतिस्थापन के लिए क्रयादेशों को आस्थगित किए जाने के कारण हुई।

(f) "Other Expenditure- Miscellaneous Major Expenditure on Different Operations" - saving of Rs.1664.15 lakhs (against the sanctioned provision of Rs.5092.00 lakhs) was due to non-materialisation of procurement process of high cost items from foreign suppliers and deferment of purchase orders for replacement of vehicles.

(खा) ''खानें का विनियमन और विकास''-

(B) "Regulation and Development of Mines" -

(क) ''खनिजों की खोज - विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी कार्यक्रम''- 133.91 लाख रु. की बचत (730.00 लाख रु. के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) आस्थगित परियोजनाओं/स्कीमों और किफायती उपायों के कारण हुई।

(a) "Mineral Exploration - Science and Technology Programme" - saving of Rs.133.91 lakhs (against the sanctioned provision of Rs.730.00 lakhs) was due to deferred projects/schemes and economy measures.

(ख) ''खान ब्यूरो - भारतीय खान ब्यूरो''- 185.67 लाख रु. की बचत (2824.00 लाख रु. के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) रिक्त पदों को भरे न जाने के कारण हुई।

(b) "Bureau of Mines - Indian Bureau of Mines" - saving of Rs.185.67 lakhs (against the sanctioned provision of Rs.2824.00 lakhs) was due to non-filing up of vacant posts.

(ग) ''अन्य व्यय - हिन्दुस्तान कापर लिमिटेड को अनुदान''- 2500.00 लाख रु. की बचत (6000.00 लाख रु. के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) वित्त मंत्रालय द्वारा संशोधित अनुमान चरण पर प्रावधान में कमी कर दिए जाने, किफायती उपाय किए जाने और साथ ही स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति स्कीम के लिए कर्मचारियों से कोई प्रतिक्रिया प्राप्त न होने के कारण हुई।

(c) "Other Expenditure - Grants to Hindustan Copper Limited" - saving of Rs.2500.00 lakhs (against the sanctioned provision of Rs.6000.00 lakhs) was due to reduction of provision at revised estimates stage by Ministry of Finance, austerity measures and also on account of no response from employees for Voluntary Retirement Scheme.

(III) एक शीर्ष के अंतर्गत 85.89 लाख रु. की बचत हुई जो स्वीकृत प्रावधान का 11 प्रतिशत थी।

(III) Under one head saving of Rs.85.89 lakhs occurred constituting 11 percent of the sanctioned provision.

2. उपर्युक्त बचतें मुख्य शीर्ष ''2853'' - ''खानें का विनियमन और विकास - अनुसंधान और विकास - भारतीय खान ब्यूरो'' के अंतर्गत अधिक व्यय द्वारा आंशिकरूप से प्रतिसंतुलित हो गईं - 117.25 लाख रु. का अधिक व्यय (490.00 लाख रु. के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) उपस्करों की आपूर्ति के लिए ब्यूरो डी रिसर्चे जिओलाजिक मिनरेल को सहायता लेखा और लेखापरीक्षा नियंत्रक, वित्त मंत्रालय के माध्यम से अदायगी किए जाने के कारण हुआ।

2. The above savings were partly offset by excess under Major Head "2853" –"Regulation and Development of Mines-Research and Development-Indian Bureau of Mines" - excess of Rs.117.25 lakhs (against the sanctioned provision of Rs.490.00 lakhs) was due to payment to Bureau de Recherche Geologique Minerale (BRGM) through Controller of Aid Accounts and Audit, Ministry of Finance for supply of Equipments.

3. अनुदान के पूंजीगत भाग में, बचत निम्नलिखित मुख्य शीर्ष के अंतर्गत हुई:-

3. In the capital section of the grant, saving occurred under the following major head:-

| शीर्ष | Head | | कुल अनुदान Total grant | वास्तविक व्यय Actual expenditure | बचत- Saving– |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | (लाख रुपयों में) (In lakhs of rupees) |
| मुख्य शीर्ष ''6853'' अलौह खनन तथा धातुकर्म उद्योगों के लिए कर्ज | Major Head "6853" Loans for Non-ferrous Mining and Metallurgical Industries | | | | |
| मू. | O. | 3000.00 | . . | . . | . . |
| पु. | R. | –3000.00 | | | |

(I) 3025.00 लाख रु. का प्रावधान दो शीर्षों के अंतर्गत पूर्णतया अप्रयुक्त रहा; जिसमें से 3000.00 लाख रु. अकेले ''अन्य खनन तथा धातुकर्म उद्योगों - सार्वजनिक क्षेत्र के तथा अन्य उपक्रमों को कर्ज - खनिज खोज निगम लिमिटेड'' के अंतर्गत अन्य वित्तीय संस्थाओं की तुलना में योजनेत्तर कर्ज पर ब्याज की उच्च दर होने जो कि कंपनी के तुलन पत्र पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है, की वजह से धनराशि का आहरण न किए जाने के कारण लेखाबद्ध किए गए।

(I) Provision of Rs.3025.00 lakhs remained wholly unutilised under two heads; of these Rs.3000.00 lakhs alone accounted for under "Other Mining and Metallurgical Industries - Loans to Public Sector and Other Undertakings - Mineral Exploration Corporation Ltd". - due to non-withdrawal of amount owing to high rate of interest on Non - Plan loan compared to other financial institutions which may adversely affect the balance sheet of the company.